बारिश से पहले ही सड़कों की हालत बदतर, जिम्मेदार मौन

वाहनों का सड़क पर से गुजरना हुआ दूभर, बड़े-बड़े गड्ढों से दुर्घटना का बना रहता है अंदेशा

बाग। इन दिनों सड़कों कि हालत बद से बत्तर ही नजर आ रही है टांड बाग,कुक्षी जोबट रोड़ की सड़के बारिश से पहले ही अपना दम तोड़ रही है । तौ अभी बारिश का मोसम शुरु ही हुआ उस समय क्या होगा जब मैंने बारिश होगी बड़े बड़े गड्ढों से सड़क पट चुकी हैं। जिम्मेदार हैं कि कुछ सड़कों की तो मरम्मत कर रहे कुछ अभी भी परेशानी का शबब बनी हुई हैं।

टांडा रोड़ पर बड़े बड़े गड्ढे कहीं स्थानों पर नजर आ रहे हैं तो वहीं बाग बायपास टांडा रोड़ स्थित भी बड़े बड़े गड्ढे झांक रहे हैं ओर सिस्टम की पोल खोल रहे हैं वहीं कुक्षी रोड पर कुछ मरम्मत का कार्य जरुर चल रहा हे परन्तु बाग के समीप मां बाघेश्वरी माता मंदिर के पिछे कुक्षी की ओर जाने वाली सड़क के बीचों बीच खतरनाक गड्ढे सड़क पर हो रहे हैं उलट कुछ मटेरियल डालकर गड्ढों को बंद करने का कार्य किया गया लेकिन उससे ओर भी स्थिति गंभीर हो गई वाहन निकालना वहां कठीन हो रहा है। रोड की साइड भी नहीं बची बीच में ऊंचे ऊंचे टीले जहां से वाहन गुजरते समय दुर्घटना का भय बना रहता है ।

बारिश का तो बोल नहीं सकते क्या आलम हौ । बाग बायपास टांडा रोड़ पर टप्प कार्यालय के सामने सड़क की हालत बदहाल फोर विवर तो ठीक बाईक वालों को भी निकालने में मशक्कत करना पड़ रही है ।

पानी भर जाने से गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता : बाग बायपास टांडा रोड़ ठप्पा कार्यालय के सामने तो अंदाज ही नहीं लगता की रोड़ गड्डै में हे या गड्ढा रोड पर है ।क्योंकि यहां बड़े बड़े गड्ढे बहुत ही डरावने लगते हैं बीच सड़क पर बड़े बड़े गड्ढे ओर गड्ढों में भरा पानी वाहन चालकों को पता ही नहीं चलता गड्ढा कितना गहरा है और कोई अंजाने में उससे गुजर जाए तो दुर्घटना का भय बना रहता है ।

> गड्ढों में भरा पानी वाहनों के गुजरने से पानी आम लोगों पर चला जाता है कहीं बार बाइक वाले इन गड्ढों के कारण अनियंत्रित भी हुए गनिमत रहा की कोई बड़ी घटना नहीं घटी स्थानीय भी इन गड्ढों से परेशान हैं क्या बोले स्थानीय लोग टांडा बायपास पर अपना छोटा व्यापार कर रहे स्थानीय लोग बताते हैं कि इस सड़क की कही बार मरम्मत भी कंपनी द्वारा की गई परन्तु थोड़े ही दिनों में कार्य करने का परिणाम गड्ढों के रुप में मिलता ह जबकी यहां से सुबज्ञ शाम तक सैकड़ों वाहन गुजरते है हम बच्चों को भी बहार खेलने नहीं जाने दे ते घटना के डर से।रात बिरात ओर परेशानी रहती है इसे समय से पहले सड़कों की दशा और दिशा सुधारने की आवश्यकता है।

ग्राम पंचायत चोटिया बालोद में मनमानी

सरदारपुर। ग्राम पंचायत चोटियां बालोद में सरपंच की मनमानी से शासन को अतिरिक्त परिवहन का भार सरकारी पंचायतों के निर्माण कार्यों में पारदर्शिता के दावों के बीच एक ऐसा मामला सामने आया है जो सीधे तौर पर भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी की ओर इशारा करता है।

जानकारी अनुसार क्षेत्र में चल रहे एक बड़े निर्माण कार्य के लिए महज 5 किलोमीटर की दूरी पर भवन निर्माण सामग्री (ईंट, सीमेंट, बालू, गिट्टी, लाइट फिटिंग,नल फिटिंग) की मान्यता प्राप्त दुकानें उपलब्ध हैं। इसके बावजूद, जिम्मेदार सरपंच एवं सचिव 30 किलोमीटर दूर से सामग्री मंगवा रहे हैं ?इस कदम ने न सिर्फ सरकारी धन की बर्बादी पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि व्यापारियों में भी भारी आक्रोश पैदा कर दिया है।

ईंधन और परिवहन के नाम पर सरकारी खजाने को चूना लगाया – जानकारों का कहना है कि 5 किलोमीटर के बजाय 30 किलोमीटर दूर से भारी वाहन (जैसे ट्रक और डंपर) मंगाने पर परिवहन लागत और ईंधन का खर्च कई गुना बढ़ जाता है।

बड़ा सवाल : जब वही सामग्री, उसी गुणवत्ता में पास की दुकान पर उपलब्ध है, तो 25 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करने का खर्च क्यों उठाया जा रहा है? सूत्रों का दावा है कि इस अतिरिक्त दूरी और बढ़े हुए बिलों की आड़ में फर्जी वाउचर बनाकर सरकारी बजट को ठिकाने लगाया जा रहा है।

कमिशन का खेल और स्थानीय वेंडर्स की अनदेखी

स्थानीय वेंडरों के पास उचित दामों पर और बेहतरीन क्वालिटी की सामग्री मौजूद है। उनसे कोटेशन तक नहीं लिया गया। दूर के डीलरों से सामग्री मंगाने का सीधा सा मतलब है मोटा कमीशन। पास की दुकान से हेरफेर करना मुश्किल होता है।

स्थानीय संसाधनों को देना होती है प्राथमिकता

विभागीय गाइडलाइंस के अनुसार, किसी भी निर्माण कार्य के लिए सबसे पहले स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों (*Local Sourcing*) को प्राथमिकता देनी होती है ताकि परिवहन का खर्च न्यूनतम रखा जा सके और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिले। लेकिन इस मामले में नियमों को ताक पर रख दिया गया है! मामले के मुख्य बिंदु दूरी का खेल-5 किमी बनाम 30 किमी—6 गुना ज्यादा दूरी तय कर आ रहा है माल। बजट की बर्बादी-अतिरिक्त परिवहन खर्च से सरकारी या आवंटित बजट पर पड़ रहा है भारी बोझ। संदेह के घेरे में सरपंच सचिव और इंजीनियर-बिलों को पास करने वाले अधिकारियों की भूमिका पर उठ रहे हैं गंभीर सवाल।

एक नजर में

युवाओं को संगठित कर समाज के अंतिम छोर तक अधिकारों की अलख जगाना हमारी प्राथमिकता : नारायण सिंह

कुक्षी। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के इंदौर संभाग अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नारायण सिंह भिड़े के कुक्षी स्थित निजी निवास पर एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान परिषद के युवा प्रभाग के नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र सिंह कन्नौज का आत्मीय स्वागत किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने श्री कन्नौज को पुष्पमाला पहनाकर बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर परिषद की धार जिला अध्यक्ष श्रीमती शायदा भिड़े व आदिवासी नेता नारायण सिंह भिडे श्री कन्नौज का आत्मीय अभिनन्दन करते हुए कहा की महेंद्र सिंह कन्नौज की नियुक्ति से हमारे युवा प्रभाग को एक नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। युवाओं को संगठित कर समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक अधिकारों की अलख जगाना हमारी प्राथमिकता है। हमें पूरा विश्वास है कि श्री कन्नौज के नेतृत्व में परिषद आदिवासी समाज के हक, संस्कृति और अधिकारों की लड़ाई को और अधिक मजबूती से आगे बढ़ाएगी। युवाओं की यह नई टीम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए मील का पत्थर साबित होगी। नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र सिंह कन्नौज ने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे संगठन की उम्मीदों पर खरा उतरने और आदिवासी युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे।-

सीएमएचओ डॉ अनीता सिंगारे ने समीक्षा बैठक ली

बाग। विकासखंड बाग के सामुदायिक स्वा केंद्र बाग में गुरुवार को सीएमएचओ डॉ .अनीता सिंगारे, डीपीएम डॉ वीरेंद्र रघुवंशी और नवागत बीएमओ डॉ नितिन श्रीवास्तव के द्वारा समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक ली गई जिसमें समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम के बारे में विस्तार से समझाइश दी गई। समस्त सीएचओ/एएनएम, एमपीडब्ल्यू की उप स्वास्थ्य केंद्र वार लक्ष्य के अनुसार समीक्षा की गई फर्स्ट ट्रिमेस्टर में एएनसी पंजीयन, 4 एएनसी जांच के बारे मे विस्तार से बताया एवं जांच मे हाई रिस्क गर्भवती माताओ का मैनेजमेंट,टीकाकरण कार्यक्रम में सत प्रतिशत युविन पोर्टल पर एंट्री, गर्भवती माताओ का सत प्रतिशत सिकल सेल जांच और 30 वर्ष आयु वर्ग के लोगो का स्क्रिग कर शुगर एवं हाई बीपी जांच कर चिन्हाकित किये गए व्यक्तियों की जांच उपचार एवं फॉलोअप समय से करने के निर्देश दिए गए एवं कम उपलब्धि वाले सब हेल्थ सेंटर मे पदस्त अधिकारी /कर्मचारी का स्पष्ट जारी करने के निर्देश दिए गए एवं लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने वाली सीएचओ/ एएन एम की प्रशंसा भी की गई,, आज की समीक्षा बैठक में समस्त प्रभारी सेक्टर मेडिकल ऑफिसर. सेक्टर सुपरवाइजर,एएनएम आशा सुपरवाइजर,बीपीएम, बीईई,बीसीएम,बीएएम, उपस्थित थे,,

मुकेश कावडिया जिला कार्यसमिति सदस्य नियुक्त

सरदारपुर । भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष ओर जनभागीदारी समिति के पूर्व अध्यक्ष बड़े भाई श्री मुकेश जी कावड़िया को धार भारतीय जनता पार्टी में जिला कार्यसमिति सदस्य नियुक्त करने पर बहुत बहुत बधाईयां देते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत जी खंडेलवाल जिला प्रभारी कोठारी जी जिला अध्यक्ष श्री निलेश जी भारती का आभार व्यक्त किया हे एवं विश्वास व्यक्त किया हे श्री कावड़िया की संगठन हितैषी कार्य शैली से सरदारपुर क्षेत्र में संगठन को ओर मजबूती मिलेगी क्षेत्र के जुझारू , कर्मठ और कार्यकर्ता के लिए सदैव तैयार रहने वाले विकासशील सोच के धनी प्रशासकीय कार्यों में दक्ष युवाओं के मार्गदर्शक मुकेश जी कावड़िया को जिला कार्यसमिति में लिए जाने पर पूर्व विधायक वेलसिंह भूरिया मंडल अध्यक्ष आशीष जैन गोपाल सोनी मुकेश केवल जी महेश शर्मा नर्सिंग कुमावत देवा यादव हेमलता नरेश मामाअजय चौहान प्रफुल्ल रावल गोपाल माहेश्वरी गौरव भंडारी विजय व्यास भगीरथ पाटीदार महेंद्र मोदी निमिष धारीवाल सहित कई कार्यकर्ताओं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए भाजपा संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

44 वर्ष पुरानी सीमेंट पाइप लाइन से आज भी हो रहा जल वितरण

नागदा । नगर 44 वर्ष से भी अधिक पूर्व जल वितरण हेतु सीमेंट की पाईपलाईन गांव मे डाली गई थी। जिससे आज तक जल वितरण होता है। जिसमें कुछ समय बाद टंकी बनाकर पानी सप्लाय किया जा रहा है। ग्रामीणों को कई दिनो से बदबूदार व गंदा पानी मिल रहा है। सीमेंट की पूरानी पाईप कई बार फूट चुकि है। उसे जोड़-जोड़ कर जल सप्लाय किया जा रहा है। आबादी क्षेत्र के हिसाब से यह टंकी छोटी प?ने लगी है। पाईपलाईन लीकेज होने के कारण लोगो को गंदा व बदबूदार पानी भी पीने को मिल रहा है।

ग्रामीणों की बार बार मांग के बाद स्वीकृति तो प्रदान हुई परन्तु कार्य अभी तक प्रारंभ नही। पूरानी टंकी का निर्माण हुए भी लंबा समय हो गया है टंकी के हालात भी अब ठीक नही है अगर पाईप लाईन बदलने के साथ टंकी का नया निर्माण हो जाता है तो व्यवस्था पूरी तरह से नई हो जाएगी। परन्तु अभी सिर्फ पाईपलाईन बदलने का कार्य प्रारंभ होगा।

गांव की पूरानी जल व्यवस्था को सुधारने के लिए करीब 1 साल पूर्व 1 करो? 33 लाख रु. की राषि स्वीकृत हुई थी। अब 4 माह पूर्व टेंडर प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है लेकिन जुलाई माह प्रारंभ होने के बाद भी आज तक कार्य प्रारंभ नही किया गया है। वहीं 1 करोड़ 33 लाख रुपए में मात्र 4 किमी पाइप लाइन ही बदलने का कार्य किया जाएगा।

> ग्राम पंचायत पंच जयेष मेहता, मोहन भाटी, ग्रामीण वरुण शर्मा ऐसे कई ग्रामीणों ने पीएचई अधिकारी को लगातार संपर्क किया जिस पर बुधवार को पीएचई इंजिनियर वागले, लोक निर्माण विभाग के प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी राहुलसिंह गादरिया एवं ठेकेदार भी पहुँचे परन्तु लोकनिर्माण विभाग एवं पीएचई के बीच सहमति नही बनने से कार्य प्रारंभ होने के अभी आसार नही दिखाई दे रहे है। ग्राम पंचायत पंचो का कहना है कि नागदा कही भागीरथपूरा नही बन जाए, उच्च अधिकारी इस और ध्यान दे लागातार लोगो को गंदा व बदबूदार पानी मिल रहा है। वही एक वाल चेंबर से लगातार गंदा पानी जमा हो रहा है ओर जो चेंबर से होकर पानी की पाईप लाईन के माध्यम से लोगो के घरो मे पहुँच रहा है। इस पर ग्राम पंचायत का ध्यान नही है। इसी प्रकार तेजाजी मार्ग पर भी एक जगह पानी का रिसाव हो रहा है पंचायत ध्यान नही दे रही है।

टंट्या मामा की प्रतिमा खंडित करने पर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

सरदारपुर । तहसील के ग्राम जोलाना में अमर शहीद टंट्या मामा की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित करने पर आदिवासी समाज में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस मामले को लेकर राष्ट्रीय आदिवासी कल्याण परिषद द्वारा राज्यपाल के नाम से राजगढ़ थाना प्रभारी समिर पाटीदार को ज्ञापन सौपकर टंट्या मामा की प्रतिमा को खंडीत करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की गई है।

राष्ट्रीय आदिवासी कल्याण परिषद अध्यक्ष बालुसिंह बारिया ने बताया कि ग्राम जोलाना स्थित आदिवासी क्रांतिकारी टंट्या मामा की मूर्ति को अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर खंडित कर दिया गया है। इस कृत्य से क्षेत्र के सर्वसमाजजनों की धार्मिक भावनाओं को गहरी ठेस पहुँची है तथा क्षेत्र में आक्रोश एवं तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। यह कृत्य समाज में वैमनस्य फैलाने एवं कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने का प्रयास प्रतीत होता है। घटना की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कराई जाए। 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा मुर्ति खंडित करने वाले अज्ञात व्यक्ति को अभी तक गिरफ्तार नही किया गया जिससे क्षेत्र में आक्रोश है।

लोगों ने शीघ्र कार्रवाई कर उनकी पहचान कर उन्हे गिरफ्तार किया जाए और खंडित प्रतिमा को पुन: स्थापित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए। इस दौरान राष्ट्रीय आदिवासी कल्याण परिषद अध्यक्ष बालूसिंह बारिया, जिला अध्यक्ष भारत सिंगार प्रदेश महासचिव जिवन गिरवाल सहीत आदिवासी समाज के भारत सिंह खराड़ी, रणछोड़ मेडा, मयाराम मेड़ा, दिलीप डामोर राजेश गुन्गडिया, बलराम मकवाना, राकेश सिंगार, कनेया चौहान, विजय भूरिया, अकराम भुरिया, बापुसिह वास्केल सहित आदिवासी समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

छात्रावास-आश्रम में प्रवेश चयन हेतु बैठक आयोजित

बाग - विकासखंड बाग में संचालित शासकीय छात्रावास आश्रम में नवीन सत्र 2026/27 के चलते छात्र छात्राओं के चयन हेतु बैठक आयोजित की गई अतिथियों की उपस्थिति में । सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग जिला धार के निर्देशानुसार विकासखंड के अन्तर्गत आने वाले समस्त शासकीय अर्ध शासकीय छात्रावास/ आश्रमों वर्ष 2026/27 के नवीन सत्र हेतु छात्र छात्राओं का जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में चयन किया गया प्रक्रिया के अनुसार इसमें सर्व प्रथम अनाथ बच्चे और दिव्यांगों को प्राथमिकता दी जाना थी उसके बाद अन्य बच्चों को चयन हेतु चयन किया गया इस पारदर्शिता के साथ इस प्रक्रिया को अंजाम दिया गया । इस दोरानविकासखंड बाग में 30 जून 2026 को अंबेडकर भवन बाग में छात्रावास आश्रम में रिक्त सीटो पर प्रवेश हेतु सांसद प्रतिनिधि, जनपद अध्यक्ष, जनपद उपाध्यक्ष, शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं जनपद सदस्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी ,सभी छात्रावास व आश्रम के अधीक्षक बैठक में उपस्थित रहें ।

नेटफ्लिक्स पर लॉक अप : सच या सज़ा

इंदौर . लॉक अप में इनमेट्स का सफर आसान होने वाला नहीं था, है ना? आपकी तरह, उन्हें भी लग रहा था कि वे वहाँ सेटल हो रहे हैं। लेकिन वो सीज़न के पहले टर्मिनेशन के भी करीब पहुँच रहे हैं. इसके लिए सभी को अपना दिल मजबूत कर लेना चाहिए क्योंकि यह आसान नहीं होने वाला है। इस वीकेंड कंगना रनौत लॉक अप में 'जनता की आवाज़' के रूप में प्रवेश कर रही हैं. अब आप पूछेंगे कि जनता की आवाज़ क्या है? तो हम आपको बता दें कि इससे इनमेट्स अपनी गलतियों को सुधारने के लिए दर्शकों के और ज्यादा करीब आएंगे. क्या कंगना अच्छी खबर लेकर आएंगी या बुरी? क्या इनमेट्स के टर्मिनेशन में उनकी कोई भूमिका होगी? कंगना रनौत ने कहा, ''यह शो आपकी सच्चाई को स्वीकार करने के बारे में है, फिर चाहे वह सच्चाई कितनी भी असहज क्यों न हो. मैं इस वीकेंड ज्यूरी या जनता की आवाज़ के रूप में फराह और रितेश के साथ लॉक अप-सच या सज़ा में आ रही हूँ। मैं केवल यही कहूँगी कि हर चॉईस की एक कीमत होती है.

अमेज़न इंडिया ने प्राइम डे 2026 डील्स की घोषणा की

इंदौर . अमेज़न ने आज विशेष रूप से प्राइम मेंबर्स के लिए उपलब्ध सबसे प्रतीक्षित प्राइम डे 2026 डील्स और लॉन्चेस की घोषणा की. 4 जुलाई को रात 1 बजे से शुरू होकर 6 जुलाई को रात 11 .59 बजे तक चलने वाला प्राइम डे, प्राइम मेंबर्स को 72 घंटे के रोमांचक डील्स, नए लॉन्चेस और ब्लॉकबस्टर मनोरंजन की पेशकश करेगा. 10 साल की इस उपलब्धि के हिस्से के रूप में, अमेज़न नए मेंबर्स को केवल 999 रुपये में सालाना प्राइम मेंबरशिप पर फ्लैट 500 रुपये की छूट दे रहा है

जैन मंदिर चोरी का मुख्य आरोपी पकड़ाया, सामान जब्त

धार। सीमंधर स्वामी मंदिर और महावीर मंदिर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी देवा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई चांदी की 4 चेन (हार) बरामद किया। इसके पूर्व पुलिस इसके नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर 5 चांदी की चेन पहले ही बरामद कर चुकी है। आरोपी देवा की लगातार बढ़ती आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए पुलिस अब इसकी हिस्ट्रीशीट फाइल खोलने जा रही है।

पुलिस के अनुसार बीते 15 जनवरी को को फरियादी मनोहरलाल पिता मणीलालजी जैन निवासी कुक्षी ने थाना कुक्षी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 12 जनवरी को दोपहर में अज्ञात बदमाशों ने श्री सीमंधर स्वामी मंदिर और पास के महावीर मंदिर से भगवान की प्रतिमाओं के गले से कुल 9 चांदी के हार किमत लगभग 70,000 रुपये चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपराध क्रमांक 18/2026, धारा 305 (ड्ड) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया था।

पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर एवं अनुविभागीय अधिकारी कुक्षी सुनील गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुक्षी राजेश यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। पुलिस टीम ने पूर्व में ही कार्रवाई करते हुए इस मामले में शामिल देवा के एक नाबालिग साथी को अभिरक्षा में लिया था, जिसके कब्जे से भगवान के गले से चोरी हुई चांदी की 5 चेन पहले ही बरामद की जा चुकी हैं।

शुरुआती पूछताछ में आरोपी पुलिस को गुमराह करता रहा, लेकिन जब पुलिस टीम ने वैज्ञानिक, मनोवैज्ञानिक और तकनीकी तरीकों से पूछताछ कर सबूत सामने रखे, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि वह चोरी की शेष 4 चांदी की चेन अपने साथ गुजरात लेकर चला गया था और वहां उसने इन्हें अपने बैग में छिपाकर रखा था। पुलिस ने आरोपी देवा के कब्जे वाले बैग से चारों चांदी की चेन जब्त कर ली हैं।

एक नजर में

साथियों ने गुरू के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके दीर्घ, समर्पित और प्रेरणादायी शैक्षाणिक जीवन को नमन किया

शासकीय बालक विद्यालय में सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह संपन्न

दसई। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दसई में प्रधान पाठक श्री देवेंद्र सिंह राठौर सर के सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, पूर्व विद्यार्थियों एवं गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर राठौर सर को भावभीनी विदाई एवं सम्मान अर्पित किया।

कार्यक्रम में राठौर सर के पूर्व विद्यार्थी एवं वर्तमान में बरमंडल के जनशिक्षक श्री हरीश जी मारू अपने साथियों

सहित विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी ने अपने प्रिय गुरु के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके दीर्घ, समर्पित एवं प्रेरणादायी शैक्षणिक जीवन को नमन किया।

समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य श्री राजीव कुमार बघेल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त श्री हरिनारायण पाटिल उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में तिरला के खंड स्रोत समन्वयक अधिकारी मुकेश जी सक्सेना, गांव पंचायत सरपंच कन्हैयालाल परमार, एडवोकेट मुकेश केवल जी, ब्रजलाल अग्निहोत्री, राधेश्याम जी अंलसे, नर्मदा रघुवंशी तथा राठौर सर के बड़े भाई धर्मेंद्र राठौर मंचासीन रहे।समारोह में देवेंद्र सिंह राठौर अपने परिवार सहित उपस्थित रहे। इस अवसर पर उनके परिवारजनों का भी विद्यालय परिवार एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। सभी अतिथियों ने देवेंद्र सिंह राठौर के शिक्षा जगत एवं समाज के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा।

> इस अवसर पर राधेश्याम जी अंलसे द्वारा प्रशस्ति-पत्र का वाचन किया गया। समारोह में श्री अनिल जी राठौड़, श्री महेश पाटीदार, रामचंद्र जी ग्रेवाल, श्री गोविंद जी झाला, श्री जीवन पाटीदार, मुकेश पाटीदार, श्री गणेश जी भाटी, श्री आत्माराम पाटिल, गौरव जी निंगवाल, श्री दिनेश जी पाटीदार, कन्हैयालाल जी पाटीदार, मयंक जी शर्मा, श्री अनिल जी शर्मा तथा नवीन जी पाटीदार संगीता सैनी सहित अनेक गणमान्यजनों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए राठौर सर के सेवाकाल को प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम के अंत में श्री भरत जी पाटीदार सर ने आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का प्रभावी एवं गरिमापूर्ण संचालन लक्ष्मीनारायण पाटीदार ने किया।